दिन– मंगलवार | दिनांक– 17 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. छियालीस हजार पांच सौ मीट्रिक टन एलपीजी लेकर एक और जहाज नंदा देवी आज भारत पहुंचा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा – पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के चौथे चरण के तहत आज भागलपुर और बांका का दौरा किया। एक हजार एक सौ इक्यावन करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं की दी सौगात।

03. लोजपा–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा – महागठबंधन में महा–बिखराव की स्थिति, जल्द ही राजद में होगी बड़ी टूट।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी, सीतामढ़ी, अररिया, किशनगंज समेत कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका जताई।

---

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद देश में रसोई गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला सुचारू बनी हुयी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कहीं भी रसोई गैस वितरक के पास गैस सिलेंडर की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस वितरण पहले की तरह किया जा रहा है।

–––साउंड बाइट–––

श्रीमती शर्मा ने बताया कि बिहार समेत विभिन्न सरकारों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की डिलीवरी भी सुचारू रूप से शुरू कर दी है।

–––साउंड बाइट–––

---

इस बीच, आज दूसरा भारतीय एलपीजी वाहक जहाज नंदा देवी गुजरात के वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। इससे देश में रसोई गैस आपूर्ति श्रृंखला और बेहतर होगी। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कल पहुंचे जहाज शिवालिक और आज पहुंचे जहाज नंदा देवी के चालक दल से बातचीत की।

श्री सोनोवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने बताया कि 'नंदा देवी' से करीब छियालीस हजार पांच सौ मीट्रिक टन एलपीजी को छोटे जहाजों में स्थानांतरित करके एनोर और हल्दिया भेजा जाएगा।

———साउंड बाइट———

नंदा देवी शिप जो आज दो बजकर तीस मिनट पर आया है और यह 46 हजार पांच सौ मीट्रिक टन एलपीजी लेकर के आया है और यहां पर इसका शिप टू शिप ऑपरेशन होगा। ये असल एंकरेज एरिया में, आईसीज में यह ऑपरेशन होगा, ट्रांसफर होग। जो डोटरवेशल है डी डब्ल्यू बर्च वो भी आ चुका है। उसको साइड में प्लेस करने के लिए जो इक्यूपमेंट लगते हैं। वैंडर्स वगैरह वो भी पहुंच गये हैं तो वो एरेंजमेंट चल रहा है। अगले एक से डेढ घंटे में ये एक–दूसरे से कपल हो जाएंगे।

———————————————————

इधर, प्रदेश के विभिन्न भागों में रसोई गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ प्रशासन कठोर कार्रवाई कर रहा है। शेखपुरा में होटल और रेस्टोरेंट में घरेलू गैस के अनाधिकृत उपयोग के मामले में धावा दल ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, रोहतास की एसडीएम नेहा कुमारी ने उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति में गड़बड़ी की शिकायत के बाद कई एजेंसी और वितरकों को नोटिस जारी किया है।

———————————————————

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। श्री गोयल ने आज लोकसभा में कहा कि भारत के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत करने के लिए विश्व भर में उत्साह बढ़ रहा है।

———साउंड बाइट———

पूरे विश्व में एक प्रकार से भारत के साथ व्यापारिक संबंध बढ़ाने का आज उत्साह है। तीन, साढे तीन वर्षों में हमने 38 विकसित देशों में द्वार खुले हैं, अब भारत के निर्यातकों के लिए। भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं, भारत के मछवारों के लिए, भारत के किसानों के लिए, भारत के छोटे सूक्ष्म–लघु उद्योग के लिए, नए निर्यातकों के लिए, नये प्रॉडक्ट्स और नए सर्विसेज के लिए, नई मार्किट्स खुलेंगी बडे रूप में। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारत का शुरू नया अध्याय लिखा जा रहा है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के चौथे चरण के तहत आज भागलपुर और बांका जिले का दौरा किया। श्री कुमार ने भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चार सौ बयालीस करोड़ रुपये की लागत वाली एक सौ चौवालीस परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। वहीं, बांका में मुख्यमंत्री ने सात सौ नौ करोड़ रूपये की लागत वाली चार सौ सत्तानवे परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

किया। भागलपुर में जनसंवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की बंद चीनी मिले दोबारा चालू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि केंद्र से पूरा सहयोग मिल रहा है और जल्द ही बिहार विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा।

–––साउंड बाइट–––

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि अगले वित्तीय वर्ष में विक्रमशिला विश्वविद्यालय के जीर्णोद्धार का काम शुरू किया जाएगा। श्री चौधरी ने भागलपुर में समृद्धि यात्रा के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय की तर्ज पर विक्रमशिला विश्वविद्यालय का गौरव भी पुर्नस्थापित किया जाएगा।

–––साउंड बाइट–––

---

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राज्यसभा चुनाव में एनडीए की जीत के लिए गठबंधन की एकजुटता की सराहना की है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि राजद में बड़ी टूट की संभावना बढ़ गयी है।

–––साउंड बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त प्रमाण पत्र आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सौंप दिया। श्री झा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से इसकी जानकारी देते हुए कहा कि बिहार के विकास को समर्पित शीर्ष नेतृत्व को प्रमाण सौंपने का उन्हें अवसर मिला है।

---

सुपौल जिले के भेलाही के रहने वाले प्रसिद्ध मैथिली साहित्यकार और कवि डॉक्टर महेन्द्र को उनकी पुस्तक ''**धात्री पात सन गाम**'' के लिए दो हजार पच्चीस के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुस्तक में कोसी बांध, कोसी का विरल इतिहास के साथ ही मिथिला की परंपरा का विस्तृत चित्रण किया गया है। साहित्य अकादमी द्वारा इकतीस मार्च को नई दिल्ली में उन्हें यह पुरस्कार दिया जाएगा। श्री महेन्द्र ने इस घोषणा पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी साहित्य प्रेमियों और विशेषकर मिथिला वासियों का आभार जताया है।

———साउंड बाइट———

---

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण राज्य के अधिकतर भागों में आंधी—पानी की स्थिति बनी हुयी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण समेत राज्य के उत्तर—पश्चिम और उत्तर—पूर्व भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश दर्ज की गयी। इस दौरान कहीं—कहीं ओलावृष्टि भी हुयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी, सीतामढ़ी, अररिया, किशनगंज समेत प्रदेश के उत्तर—मध्य और पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका है।

———साउंड बाइट———

---

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने आय से अधिक संपत्ति मामले में मधुबनी जिले के जयनगर में पदस्थापित विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। हमारे संवाददाता ने बताया कि ईओयू की टीम ने दरभंगा, मधुबनी और सुपौल जिले में सात ठिकानों पर छापेमारी की।

---

जदयू की ओर से आज पटना के हज भवन में दावत—ए—इफ्तार का आयोजन किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उनके पुत्र निशांत कुमार, राज्य सरकार के कई मंत्री और एनडीए घटक दलों के कई प्रमुख नेता इफ्तार पार्टी में शामिल हुए।

---

भोजपुर जिले की रहने वाली कृषि उद्यमी विभा देवी को कृषि उद्यमी सम्मान से सम्मानित किया गया है। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने भागलपुर के सबौर में आयोजित राष्ट्रीय किसान मेला में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। विभा देवी भोजपुर जिले के उद्‌वंत नगर प्रखंड में आकाशवाणी, दूरदर्शन प्रसार क्लब का संचालन भी करती हैं।

---

बिहार विधानसभा सचिवालय में निदेशक पद पर कार्यरत पूनम सिन्हा को अगले आदेश तक विधानसभा का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

---

मधुबनी पुलिस ने छह लाख चौवालीस हजार रुपये के जाली नोटों की बरामदगी मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति की गिरफ्तारी नगर थाना क्षेत्र से हुयी है, जबकि एक अन्य व्यक्ति को गयाजी जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

---

रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत मठिया–नोखा पथ पर ऑटो और मोटरसाईकिल की भीषण टक्कर होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

बक्सर जिले का छत्तीसवां स्थापना दिवस आज समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी साहिला के नेतृत्व में नाथ बाबा घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। वहीं, जिलाधिकारी ने वृक्षा रोपण अभियान की शुरूआत भी की।

इधर, कैमूर जिले का भी पैंतीसवां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पटेल कॉलेज मैदान में जिला प्रशासन की टीम और मीडिया टीम के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. छियालीस हजार पांच सौ मीट्रिक टन एलपीजी लेकर एक और जहाज नंदा देवी आज भारत पहुंचा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा – पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के चौथे चरण के तहत आज भागलपुर और बांका का दौरा किया। एक हजार एक सौ इक्यावन करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं की दी सौगात।

03. लोजपा–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा – महागठबंधन में महा–बिखराव की स्थिति, जल्द ही राजद में होगी बड़ी टूट।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी, सीतामढ़ी, अररिया, किशनगंज समेत कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।